# सराहनाएं एक कलाकार के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैः आकांक्षा शर्मा

गायिका आकांक्षा शर्मा ने हाल ही में रेडियो मिर्ची म्यूजिक अवॉर्ड 2020 में अपकमिंग फीमेल वोकलिस्ट का पुरस्कार जीता है, जिसके चलते आकांक्षा स्वाभाविक रूप से बहुत खुश हैं और उन्होंने अपनी यह खुशी जाहिर की है। आकांक्षा ने मीडिया से बातचीत करने के दौरान कहा कि वह बहुत खुश हैं, आखिरकार उन्हें करियर के पहले अवॉर्ड से नवाजा गया है।

उन्होंने आगे कहा, मैंने बहुत से गाने गाए हैं और मुझे लगता है कि एक कलाकार को सराहना मिलना आवश्यक है। मुझे यह पुरस्कार फिल्म मरुधर एक्सप्रेस में तुम चले गए गाने के लिए मिला है, जो कि मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि इसके लिए मैंने काफी मेहनत की है। दुर्भाग्यवश इस गाने की रिलीज पर लोगों द्वारा ध्यान भले ही न दिया गया हो, लेकिन अब चूंकि मुझे इसके लिए सम्मानित किया गया है, तो मैं बहुत खुश हूं।

गायिका ने अपनी बात को जारी रखते हुए आगे कहा, पुरस्कारों से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। मैंने इससे पहले और भी कई गाने गाए हैं जैसे फिल्म शादी में जरूर आना का गाना जोगी और अलविदा जिसे मिथुन सर द्वारा कम्पोज किया गया है। आखिरकार मुझे एक कलाकार के तौर पर सरहाना मिली है। मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। मैं जानती हूं कि अभी मैंने वह ऊंचाई हासिल नहीं की है, लेकिन इस बात की खुशी है कि इंडस्ट्री में कोई स्थान तो मिला।

इससे पहले आकांक्षा ने छोटे उस्ताद के सीजन 2 का खिताब जीता था, जो कि स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाला एक रियलिटी शो था।

# लक्ष्मी बॉम्ब की शूटिंग हुई पूरी

अभिनेता अक्षय कुमार और कियारा आडवाणी अभिनीत फिल्म लक्ष्मी बॉम्ब की आखिरी शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस मौके पर अभिनेत्री ने फिल्म के सेट की कुछ तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया। तस्वीर में अक्षय फिल्म की पूरी टीम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं।

इस तस्वीर को फिल्म की निर्माता शबीना खान ने साझा किया है, जिसे अभिनेत्री ने फिर से साझा किया है। शबीना ने लिखा, लक्ष्मी बॉम्ब की शूटिंग पूरी हो चुकी है। तुम्हारी याद आ रही है कियारा आडवाणी। आपसे सिनेमा में मिलते हैं।

यह फिल्म तमिल हॉरर फिल्म मुनी 2 : कंचना की हिंदी रीमेक है, जिसका नाम लक्ष्मी बॉम्ब रखा गया है। इसकी कहानी राघव के आसपास घूमती है, जो एक डरपोक इंसान है। उसके शरीर पर एक ट्रांसजेंडर आत्मा कब्जा कर लेती है और अपने दुश्मनों से बदला लेती है।

# आसिम रियाज के भाई उमर से नाम जुड़ने पर क्या बोलीं रश्मि देसाई

बिग बॉस 13 के घर में कंटेस्टेंट रश्मि देसाई की आसिम रियाज के साथ काफी अच्छी दोस्ती हो गई थी। हाल ही में वह आसिम, हिमांशी खुराना और आ सिम के भाई उमर के साथ पार्टी करती दिखाई दीं। जबसे उनकी तस्वीरें वायरल हुई हैं, रश्मी और उमर के लिंकअप की खबरें शुरू हो गई हैं। हाल ही में रश्मि से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने दोनों का नाम जुड़ने और इस पर ट्रेंड हो रहे हैशटैग पर रिऐक्शन दिया। रश्मि बोलीं, अरे जब मैंने इसे देखा तो हंस पड़ी। मैंने उमर को बताया तो वह भी हंसने लगे।

उन्होंने मुझससे कहा कि वह समझते हैं कि यह उनके प्रफेशन का हिस्सा और फैंस का प्यार है। लोग हमारी साथ में तस्वीरें बना रहे हैं। यह वाकई फनी है। लेकिन हम सिर्फ दोस्त हैं और इससे ज्यादा कुछ नहीं। रश्मि ने यह बात बिल्कुल साफ कर दी कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं और इससे आगे उनमें कुछ नहीं होगा। लोगों ने उमर के पिता से ये रिक्वेस्ट तक कर डाली है कि रश्मि को अपनी बहू बना लें। बता दें कि प्रफेशन से उम्र सर्जन हैं।

# विद्या में डिजाइनर के किरदार में नजर आएंगी मानसी श्रीवास्तव

इश्कबाज की अभिनेत्री मानसी श्रीवास्तव का कहना है कि वास्तविक जीवन में डिजाइनरों से घिरे रहने के कारण उन्हें टेलीविजन शो विद्या में फैशन डिजाइनर का किरदार निभाने में काफी मदद मिली है। मानसी ने कहा, मैं पहली बार डिजाइनर की भूमिका निभा रही हूं, लेकिन लंबे समय से डिजाइनर और स्टाइलिस्ट से घिरे रहने के कारण मैं डिजाइनर की भूमिका निभा सकती हूं। यह एक सकारात्मक किरदार है। वह मजाकिया और सबकी टांग खिंचाई करने वाली लड़की है।

विद्या की कहानी भारत में शिक्षा की आवश्यकता के आसपास घूमती है, वहीं मानसी का भी मानना है कि यह समय की मांग है। इस बारे में उन्होंने आगे कहा, मेरे ख्याल से भारत के कई हिस्सों में अभी भी निरक्षरता और गरीबी है और मुझे लगता है कि भारत सरकार को भारत की बेहतरी के लिए शिक्षा संबंधित और नीतियों पर काम करने की जरूरत है।

# ये रिश्ते हैं प्यार के के बाद मुझे पहचानेंगे लोगः कावेरी प्रियम


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ये रिश्ते हैं प्यार के में कुहू के किरदार में नजर आने वाली अभिनेत्री कावेरी प्रियम का कहना है कि इस शो ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई है। अभिनेत्री ने कहा, यह काफी बड़ा शो है और पूरे भारत में यहां तक कि गांवों में भी इसे देखा जाता है। इसने मेरी लोकप्रियता बढ़ाई है, क्योंकि मैं जब मॉल में जाती हूं तब सोचती हूं कि शायद लोग मुझे मेरे सीधे बालों में नहीं पहचान पाएंगे, लेकिन वे फिर मेरे पास आकर सेल्फी के लिए कहते हैं। अब हर कोई मुझे जानता है, मैं लोकप्रिय हो गई हूं। इन सब के लिए राजन सर का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे यह मौका दिया।

प्रियम ने अपनी चुलबुली और दिलकश अदाओं के साथ-साथ अपने कर्ली हेयर की वजह से भी जानी जाती हैं। उनके इस लुक ने सभी का दिल जीत लिया है।

कुहू और मिस्टी सीरियल में भले ही खूब लड़ती झगड़ती हैं लेकिन रियल में ऑफ कैमरा दोनों बहुत अच्छी दोस्त हैं। शहीर शेख और ऋत्विक संग भी कावेरी की काफी अच्छी दोस्ती है। शहीर शेख तो उनके बहुत अच्छे दोस्त बन चुके हैं।

कुहू मुंबई के जुहू इलाके में पेइंग गेस्ट के तौर पर रहती हैं। कावेरी को बीच पर जाना और वहां योग करना बहुत पसंद है। कुहू को साइकलिंग और जिमिंग का भी बहुत शौक है। कावेरी ने कई सालों तक ऑडिशन दिए हैं, तब जाकर उन्हें नागिन 2 में छोटा सा रोल मिला। इसके बाद उन्हें पहचान मिली सीरियल ये रिश्ते हैं प्यार के के कुहू के रोल से।

कावेरी प्रियम का करियर

कावेरी प्रियम सीरियल ये रिश्ते हैं प्यार के में कुहू का रोल प्ले करने से पहले शॉर्ट फिल्म जैसे पांच पेटी और ओनली यू में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा कावेरी नागिन 2, सावधान इंडिया और परदेश में है पेरा दिल जैसे टीवी सीरियल्स में सपोर्टिंग रोल प्ले कर चुकी हैं।

# वीडियो में नजर आया परिणीति का हैरी पॉटर अवतार




बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपना एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह हैरी पॉटर अवतार में जादुई छड़ी घुमा रही हैं। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक बूमरैंग वीडियो साझा की है, जिसमें वह एक रोब पहने और हाथों में जादू की छड़ी थामे नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन के अंत में उन्होंने लिखा है, एक अच्छे मुगल की तरह।

वहीं वीडियो के पोस्ट में उन्होंने लिखा है, जो भी मुझे जानता होगा, उसे पता होगा कि मैं हैरी पॉटर की फैन हूं। इसलिए मैं यूनिवर्सल गई, वहां एक रोब पहना और एक जादूई छड़ी खरीदी। एक अच्छे मुगल की तरह।

परिणीति, हॉलीवुड में यूनिवर्सल स्टूडियोज का दौरा किया, जहां उन्होंने वह वीडियो बनाई। वर्तमान में फोटो-शेयरिंग वेबसाइट पर उनके इस वीडियो को 683 हजार से भी अधिक बार लाइक किया गया है।

# किसी भी दबाव के आगे कभी घुटने नहीं टेके : अनुष्का शर्मा



अभिनेत्री व प्रोड्यूसर अनुष्का शर्मा का कहना है कि एक कलाकार के तौर पर वह हमेशा से कुछ नया करने की कोशिश करती हैं और उन्होंने कभी भी किसी दबाव के सामने घुटने नहीं टेके हैं। अनुष्का ने कहा, एक कलाकार और प्रोड्यूसर के तौर पर मैंने सिर्फ नई चीजें करने की कोशिश की हैं। मैंने कभी भी किसी दबाव के सामने घुटने नहीं टेके हैं और मैंने हर मौके पर कुछ नया करने की ठानी है और कुछ नया सीखने की कोशिश की है। उनका कहना है कि उनके काम करने का तरीका इस बात का सबूत है।

उन्होंने आगे कहा, और मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे व्यापार में बेहतरीन दिमाग वाले लोगों के साथ सहयोग करने का मौका मिला। अनुष्का की हॉरर फिल्म परी को रिलीज हुए सोमवार को दो साल हो चुके हैं। इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, परी की स्क्रिप्ट से मैं काफी प्रभावित हुई थी और मैं जानती थी कि मुझे इस फिल्म को प्रोड्यूस करना है। परी ने मुझे नई चुनौतियां दी, जिसका मैंने पहले सामना नहीं किया था और मैं खुद को एक कलाकार के तौर पर इस शैली में उजागर करना चाहती थी।